शिक्षा विभाग

आम सूचना

मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजनान्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा वर्ष 2020 में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण छात्राओं से ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति हेतु सूचना।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उक्त योजना संचालित है, जिसका लाभ निम्नवत् देय होगा:—

क्र०	योजना का नाम	लाभुक छात्राओं की कोटि	अर्हत्ता	प्रोत्साहन राशि
01	मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति मेधावृत्ति योजना	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति	प्रथम श्रेणी से इन्टरमीडिएट उतीर्ण	₹15,000/— (पन्द्रह हजार)
			द्वितीय श्रेणी से इन्टरमीडिएट उतीर्ण	₹10,000/— (दस हजार)

2. उक्त योजना के अंतर्गत राशि सीधे पात्र लाभुकों के बैंक खाता में अंतरित की जायेगी।
3. पात्र लाभुकों को ऑनलाईन प्रोत्साहन की राशि उनके बैंक खाते में NIC द्वारा बनाये गये सॉफ्टवेयर के माध्यम से अंतरित किया जाना है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से वर्ष, 2020 में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति कोटि की छात्राओं का जिलावार एवं विद्यालयवार विवरण सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया गया है।
4. ज्ञातव्य हो कि बैंक खाता पात्र छात्राओं के अपने नाम से खुला हो एवं उनका खाता राष्ट्रीयकृत बैंक/मान्यता प्राप्त निजी बैंक अथवा इंडिया पोस्ट पेमेन्टस बैंक में संधारित हो एवं बिहार राज्य में अवस्थित हो।
5. वांछित सूचनाऐं NIC के ऑनलाईन पोर्टल www.edudbt.bih.nic.in/MUY/eduBihar.aspx को खोलकर इंटरनेट के माध्यम से अंकित किया जा सकता है। पोर्टल को Login करने के लिए इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2020 का पंजीयन संख्या के साथ जन्म तिथि अथवा कुल प्राप्तांक की आवश्यकता पड़ेगी।
6. पात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे NIC के द्वारा विकसित ऑनलाईन पोर्टल को खोलकर स्वयं से संबंधित सभी सूचनाओं की जाँच कर लें कि अंकित सूचनाऐं सही हैं अथवा नहीं? उक्त पोर्टल में Login करने के पश्चात् रिक्त कॉलम में वांछित सूचनाओं यथा अपना बैंक खाता नं0, बैंक शाखा का नाम, IFSC Code, आधार नं0, मोबाईल नं0 पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
7. साइबर कैफे अथवा बाजार से पोर्टल पर सूचनाओं को अद्यतन करने के दौरान गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाय एवं अपनी संवेदनशील सूचनाएँ यथा—रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्म तिथि, कुल प्राप्तांक, मोबाइल नं0, आधार नं0, बैंक खाता संख्या, ओ0 टी0 पी0 आदि किसी के साथ साझा नहीं किए जाएँ।
8. इंटरनेट के माध्यम से सूचनाओं को अंकित किये जाने के क्रम में सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करने पर विशेष ध्यान रखा जाये। प्रयास किया जाए की सूचनाओं को अंकित किये जाने का कार्य निजी अथवा घरेलू मोबाईल/लैपटॉप/कम्प्यूटर आदि के माध्यम से किया जाय।
9. किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए श्री आदर्श अभिषेक (मोबाईल नं0—8292825106, श्री राज कुमार मोबाईल नं0—9534547098) एवं श्री कुमार इन्द्रजीत मोबाईल नं0—8986294256 तथा दूरभाष संख्या—0612—2215181 एवं ई0मेल— dbtbiharapp@gmail.com पर सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

PR. No. 007106 (Education) 2020-21

नोवल कोरोना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग हेतु 24X7 Toll Free No.: **104** पर संपर्क कर सकते हैं।

खाद्य सामग्री- संबंधी किसी तरह की जानकारी अथवा सुझाव हेतु दूरभाष संख्या 0612-2217636 पर सम्पर्क किया जा सकता है।